**Nai Dunia (Indore), 5th October 2020, Page-5**


# कृषि और जल सुरक्षा उपकरण वाले स्टार्टअप रहे सर्वश्रेष्ठ

## आइ-5 समिट के समापन पर स्टार्टअप पुरस्कृत

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना महामारी के कारण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर प्रभाव पड़ रहा है। इस समय स्वास्थ्य सेवाओं में लागत बढ़ रही है। इससे राजस्व कम हो रहा है। इस समय मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखना भी बहुत जरूरी है। यह कहना है अपोलो हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. हरिप्रसाद का। वे आइआइएम और आइआइटी इंदौर द्वारा आयोजित आइ-5 समिट के अंतिम दिन बोल रहे थे। इस दिन 12 यूनिक आइडिया वाले 12 स्टार्टअप को गेटफंडेड इवेंट में चयनित किया गया। प्रथम पुरस्कार कौस्तुभ धोंडे के कृषि पर काम करने वाले ऑटोनेक्स्ट को 30 हजार रुपये का नगद पुरस्कार और जल सुरक्षा उपकरण पर काम कर रहे सारंग बोरा, अवि जैन और दर्शन हिंडोच के गोफ्लोट स्टार्टअप को 20 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया।

### ये हैं बेस्ट आइडिया स्टार्टअप

**आर्टिफ्यूटेक**- यह आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से चेहरे और हाव भाव को सटीक रूप से ट्रैक करके लाइव ब्यूटी ट्राय-ऑन सिमुलेशन प्रदान करता है।




कृषि क्षेत्र के स्टार्टअप ऑटोनेक्स्ट को मिला पहला पुरस्कार। ● नईदुनिया

**ऑटो ग्रीन**- एग्रोटेक कंपनी जो इंटरनेट ऑफ थिंक्स आधारित खेती के लिए सेंसर बनाने पर केंद्रित है।

**ईट विदाउट गिल्ट**- यह फूड ट्रक की अवधारणा पर आधारित स्टार्टअप है।

**सिटी स्पॉटर**- इसका उद्देश्य डिजिटल और सोशल मीडिया पर हनिकारक सामग्री का पता लगाकर नकली समाचारों और साइबर क्राइम को नियंत्रित करना है।

**फैशअप**- स्थानीय विक्रेताओं को ऑनलाइन फैशन रिटेल और डिजिटल मार्केटिंग का उपयोग करके अपनी बिक्री को बढ़ावा देना है। साथ ही ग्राहकों को सीधे उसी दिन डिलीवरी प्रदान करता है।

**प्लेसमेंट सागा**- सॉफ्टवेयर डेवलपर्स के लिए कोडिंग इंटरव्यू की तैयारी के लिए एक सिस्टम तैयार किया है।

**लेगबा**- स्कूलों में शिक्षा देने में काम वाली सुविधाओं को विकसित किया है।